# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (08.01.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 08.01.2025, PAGE-06**

# बीआरएबीयू: बीसीए व बीबीए परीक्षा 15 से, शेड्यूल जारी

- ओल्ड साइंस ब्लॉक को बनाया गया परीक्षा केंद्र
- दो पालियों में वोकेशनल की होगी परीक्षा

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में वोकेशनल कोर्स की परीक्षाओं का शेड्यूल मंगलवार को जारी कर दिया गया। बीसीए, बीबीए की परीक्षा 15 जनवरी से होगी। परीक्षा का केंद्र ओल्ड साइंस ब्लॉक बनाया गया है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक और दूसरी की 1.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक चलेगी। बीसीए और बीबीए की परीक्षाएं 1 फरवरी तक चलेंगी।

पीजी डिप्लोमा इन योगा स्टडीज की परीक्षा 21 जनवरी से 29 जनवरी तक होगी। परीक्षा का केंद्र आभा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज को बनाया गया है। हिन्दी पत्रकारिता की परीक्षा 17 से 25 जनवरी तक होगी। परीक्षा का केंद्र आभा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज को बनाया गया है। पीजीडीसीए की परीक्षा भी 17 से 25 जनवरी तक होगी, परीक्षा का केंद्र ओल्ड सोशल साइंस ब्लॉक होगा। एमसीए की परीक्षा 15 जनवरी से होगी। परीक्षा का केंद्र ओल्ड साइंस ब्लॉक में बनाया गया है। एमबीए की परीक्षा भी 15 जनवरी से होगी। परीक्षा का केंद्र आभा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में बनाया गया है। पीजी डिप्लोमा इन रसियन की परीक्षा 16 जनवरी से होगी। केंद्र ओल्ड साइंस ब्लॉक बनाया गया है। सर्टिफिकेट इन रसियन की परीक्षा 20 जनवरी से होगी। बीवोक की परीक्षा 17 जनवरी से होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:08.01.2025, PAGE-06**

## पीजी में दाखिले के लिए आवेदन शुरू

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू में पीजी सत्र 2024-26 में दाखिले के लिए मंगलवार से आवेदन शुरू हो गया। पहले दिन 600 आवेदन आये। सबसे ज्यादा आवेदन इतिहास, जंतु विज्ञान और कॉमर्स में आये हैं। इतिहास में 73, जूलॉजी में 69 और कॉमर्स में 55 छात्रों ने आवेदन किया है। पीजी में 20 जनवरी तक आवेदन लिए जाएंगे। 21 जनवरी को पहली मेरिट लिस्ट जारी होने की उम्मीद है। पीजी में दाखिला रोस्टर के हिसाब से होगा।

## सर्वर डाउन रहने से फंसी सैकड़ों डिग्रियां

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू में डिग्री बनाने का सर्वर पांच दिन तक डाउन रहा। इससे सैकड़ों छात्रों की डिग्रियां फंस गई हैं। विवि सूत्रों ने बताया कि दो जनवरी को ही सर्वर डाउन हो गया। उसके बाद छह जनवरी तक सर्वर डाउन रहा। सर्वर डाउन होने से सबसे ज्यादा उन छात्रों की डिग्रियां फंस गई, जिन्हें इमरजेंसी में डिग्री चाहिए थी या जिन्हें शिक्षक काउंसिलिंग में डिग्री जमा करनी है। डिग्री बनाने वाला सर्वर पटना से संचालित होता है।

## कुलपति ने किया पीजी विभागों का निरीक्षण

**मुजफ्फरपुर।** कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने मंगलवार को पीजी के कई विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली। कुलपति ने मनोविज्ञान, भूगोल, होमसाइंस, बांग्ला, कॉमर्स और हिन्दी विभागों का निरीक्षण किया। कुलपति के साथ प्रॉक्टर प्रो. वीएस राय भी थे। कुलपति ने निर्देश दिया कि विभाग से जो भी शिक्षक और कर्मचारी बाहर जाएं वह एक रजिस्टर पर दर्ज करें कि किस काम के लिए बाहर जा रहे हैं।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 08.01.2025, PAGE-02


# नेट परीक्षा के कारण पीजी फोर्थ सेमेस्टर का बदला कार्यक्रम

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने यूजीसी नेट की परीक्षा के कारण पीजी फोर्थ सेमेस्टर के लिए निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन किया है। अब फोर्थ सेमेस्टर की बची हुई परीक्षाएं 27 जनवरी से होंगी। परीक्षा नियंत्रक की ओर से मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी की गई है। बताया बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में यूजीसी नेट के कारण पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। शेष परीक्षाएं अब 30 जनवरी से शुरू होगी। वहीं 7 फरवरी तक परीक्षा खत्म होगी। परीक्षा नियंत्रक की ओर से मंगलवार को पीजी परीक्षा का संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया गया।

सत्र 2022-24 के तहत पीजी फोर्थ सेमेस्टर के दो पेपरों की परीक्षा दिसंबर महीने में हो चुकी है। इसके लिए दूरस्थ शिक्षा निदेशालय को केंद्र बनाया गया है। शेष परीक्षाओं की शुरुआत बुधवार से होनी थी। ऐसे में समय रहते विश्वविद्यालय ने संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। इससे पहले यूजीसी नेट की परीक्षा शुरू होने के कारण छात्र-छात्राओं के समक्ष दुविधा की स्थिति पैदा हो

## विद्यार्थियों के अनुरोध पर अब बची परीक्षा 30 जनवरी से होगी

गई है। उन्हें नेट की परीक्षा से वंचित होना पड़ सकता था। सबसे अधिक परेशानी हिंदी विषय के अभ्यर्थियों को हो रही थी। बुधवार को नेट की ओर से हिंदी की परीक्षा होनी है। पीजी हिंदी विभाग में कई दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने बहेतर तैयारी की है। ऐसे में परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन की गुहार लगाई थी। इसी आधार पर विश्वविद्यालय ने संशोधित कार्यक्रम जारी किया है।

**अब छात्रों की मांग 16 से 20 तक कराई जाएं बाकी परीक्षाएं:** पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा तिथि में फिर से बदला की मांग की है। इसको लेकर छात्र-छात्राओं ने कुलपति को आवेदन किया है। कहा गया है कि पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 16-20 जनवरी तक कराई जाएं। कहा गया है कि कई बार पीजी फाइनल परीक्षा की तिथि बढ़ाई गई है। हाल ही में यूजीसी नेट की अंतिम परीक्षा 16 जनवरी को होनी है। ऐसे में पीजी के पिछड़े सत्र को नियमित करने के लिए बाकी परीक्षाओं को 16- 20 जनवरी तक कराई जाए।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**



DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 08.01.2025, PAGE-04

## स्नातक फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 16 केंद्र

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा गुरुवार से होगी। इसके लिए जिले में 16 केंद्र बनाए गए हैं। वहीं पांच जिलों में परीक्षा के लिए कुल 56 केंद्रों का निर्धारण किया गया है। जिले में एलएस कालेज, एलएनटी कालेज, आरबीबीएम कालेज, आरडीएस कालेज, रामेश्वर कालेज, एमडीडीएम कालेज, एमपीएस साइंस कालेज, एमएसकेबी कालेज, नीतीश्वर महाविद्यालय, डा.राम मनोहर लोहिया स्मारक कालेज, सीएन कालेज साहेबगंज, जीवछ कालेज मोतीपुर, डा.जगन्नाथ मिश्र कालेज, एसएनएस कालेज, रामश्रेष्ठ सिंह कालेज चोचहां व नीतीश्वर सिंह डिग्री महाविद्यालय सरमस्तपुर को परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है।

## वोकेशनल की 14 परीक्षाएं 15 से शुरू

- ओल्ड साइंस ब्लाक और आभा टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में होंगी सभी परीक्षाएं
- परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी होने के बाद सभी कालेजों को दी जा रही सूचना

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने वोकेशनल की 14 परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। ये परीक्षाएं 15 जनवरी से शुरू होकर दो फरवरी तक चलेंगी। विश्वविद्यालय की ओर से इसका कार्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया गया है। कुछ परीक्षाओं के ओल्ड साइंस ब्लाक और कुछ के लिए आभा टीचर्स ट्रेनिंग कालेज दरियापुर कफेन को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा नियंत्रक डा. सुधालाल पासवान ने बताया कि वोकेशनल की परीक्षाओं के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसकी जानकारी सभी संबंधित कालेजों में दी जा रही है। पहली पाली की परीक्षा 9.30 से 12.30 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा 1.30 बजे से 4.30 बजे तक होगी। पिछले दिनों कुछ छात्रों का फार्म नहीं भरा जा सका था।

### ये परीक्षाएं जनवरी में होंगी

- सत्र 2024-27 बीबीए व बीसीए फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2023-26 बीबीए व बीसीए थर्ड सेमेस्टर
- सत्र 2022-25 बीबीए व बीसीए फिफ्थ सेमेस्टर
- सत्र 2024-26 एमबीए फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2023-25 एमबीए थर्ड सेमेस्टर
- सत्र 2024-27 एमसीए फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2023-26 एमसीए थर्ड सेमेस्टर
- सत्र 2022-25 एमसीए फिफ्थ सेमेस्टर
- सत्र 2019-22 व 2020-23 बी.वोक फोर्थ सेमेस्टर (आइटी/एकाउंट-टैक्स/टैक्स)
- सत्र 2024-25 पीजीडीसीए फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2024-25 एचजेएमसी फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2024-25 सर्टिफिकेट इन रशियन फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2024-26 पीजी डिप्लोमा इन रशियन फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2023-25 पीजी डिप्लोमा इन रशियन थर्ड सेमेस्टर

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 08.01.2025, PAGE-04

# 14 परीक्षाओं की डेटशीट, 15 से शुरू होंगी

- बीबीए-बीसीए सहित वोकेशनल कोर्स के होंगे पेपर
- बीआरएबीयू ने परीक्षा के लिए बनाये हैं दो केंद्र

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

विवि ने बीबीए-बीसीए सहित वोकेशनल कोर्स की 14 परीक्षाओं के लिए कार्यक्रम जारी किया है.15 जनवरी से परीक्षाएं शुरू होंगी. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने संबंधित विभाग व कॉलेजों को इसे भेज दिया है. सभी विभाग व कॉलेजों के परीक्षार्थियों के लिए दो केंद्र बनाये गये हैं. विवि कैंपस स्थित पुराने साइंस ब्लॉक व आभा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, दरियापुर कफेन परीक्षा केंद्र हैं. दो शिफ्ट में पेपर होंगे. पहली शिफ्ट सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक व दूसरी दोपहर 1.30 से शाम 4.30 बजे तक की होगी. बता दें कि वोकेशन कोर्स की परीक्षाओं को लेकर पिछले महीने से ही छात्र-छात्राओं को इंतजार था. इस बीच कुछ कॉलेजों में परीक्षा फॉर्म भरने से कई स्टूडेंट छूट गये थे. जिन्हें पिछले सप्ताह फॉर्म भरने का समय दिया गया. मंगलवार को परीक्षा विभाग की ओर से संबंधित कोर्स की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया गया.

## जनवरी में शुरू होंगी ये परीक्षाएं

- सत्र 2024-27- बीबीए व बीसीए फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2023-26- बीबीए व बीसीए थर्ड सेमेस्टर
- सत्र 2022-25- बीबीए व बीसीए फिफ्थ सेमेस्टर
- सत्र 2024-26- एमबीए फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2023-25- एमबीए थर्ड सेमेस्टर
- सत्र 2024-27- एमसीए फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2023-26- एमसीए थर्ड सेमेस्टर
- 2022-25- एमसीए फिफ्थ सेमे.
- सत्र 2019-22 व 2020-23- बी .वोकेशनल फोर्थ सेमेस्टर (आइटी/एकाउंट-टेक्स/ टैक्स)
- सत्र 2024-25- पीजीडीसीए फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2024-25- एचजेएमसी फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2024-25- सर्टिफिकेट इन रशियन फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2024-26- पीजी डिप्लोमा इन रशियन फर्स्ट सेमेस्टर
- सत्र 2023-25- पीजी डिप्लोमा इन रशियन थर्ड सेमेस्टर

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:08.01.2025, PAGE-04

### बीआरएबीयू. स्नातक सत्र 2024-28 के फर्स्ट सेमेस्टर के होंगे पेपर

# कर लें तैयारी, स्नातक के फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षाएं 9 से शुरू

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के स्नातक सत्र 2024-28 के फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा 9 जनवरी से शुरू होगी. इस परीक्षा के लिये मुजफ्फरपुर सहित 5 जिलों के 56 केंद्र बने हैं.परीक्षा विभाग की ओर से 9 से 27 जनवरी तक का कार्यक्रम जारी हुआ है. पेपर दो शिफ्ट में होंगे. पहले शिफ्ट में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे व दूसरे शिफ्ट में दोपहर एक से शाम चार बजे तक परीक्षा होगी. इसमें करीब 1.60 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे. मुजफ्फरपुर के 33 कॉलेजों के लिए 16 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं.

### कब, किसकी परीक्षा

कार्यक्रम के तहत 9 से 11 जनवरी तक एमजेसी, 13 से 16 जनवरी तक एमआइसी व 17 से 20 जनवरी तक एमडीसी की परीक्षा होगी. इसके बाद एमआइएल के लिए 21 व 22 जनवरी, वैल्यू एडेड कोर्स के लिए 23 व 24 जनवरी और स्किल इनहेंसमेंट कोर्स के लिए 25 व 27 जनवरी की तिथि निर्धारित्त की गयी है.

इसके साथ ही सीतामढ़ी में 7, वैशाली में 16, बेतिया में छह और मोतिहारी में 11 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं.

### स्नातक फर्स्ट सेमेस्टर के लिए बने केंद्र

**मुजफ्फरपुर**- एलएस कॉलेज, एलएनटी, आरबीबीएम, आरडीएस, रामेश्वर, एमडीडीएम, एमपीएस साइंस, एमएसकेबी, नीतीश्वर महाविद्यालय, डॉ राम मनोहर लोहिया स्मारक कॉलेज, सीएन साहेबगंज, जीवछ मोतीपुर, डॉ जगन्नाथ मिश्रा, एसएनएस, रामश्रेष्ठ सिंह चोचहां व नीतीश्वर सिंह डिग्री महाविद्यालय सरमस्तपुर

**सीतामढ़ी**- एसआरकेजी कॉलेज, एसएलके, आरएसएस महिला, आरएसएस साइंस, उर्मिला देवी सदानंद यादव गुरुकुल कॉलेज डुमरा, महेश्वर प्रसाद शाही कॉलेज व रघुनाथ झा डिग्री महाविद्यालय

**वैशाली**- आरएन हाजीपुर, डीसी हाजीपुर, वैशाली महिला, लालगंज कॉलेज, एलएन हाजीपुर, समता कॉलेज जंदाहा, अवध बिहारी सिंह लालगंज, एनएन सिंघारा, एसएनएस हाजीपुर, यमुना नंद किशोर शुक्ला हाजीपुर, भगवती शांति लोमा राजापाकड़, राम लगन राय राजापाकड़, बीएमडी दयालपुर, श्री बाबूलाल राय सुमित्रा सिन्हा डिग्री कॉलेज गोरौल, पवन झा डिग्री कॉलेज लोमा व अक्षयवट कॉलेज महुआ

**बेतिया**- आरएलएसवाइ कॉलेज, एमजेके, टीपी वर्मा पश्चिम चंपारण, सब डिवीजनल गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज बगहा, बीबीएन बगहा व बाबा भगत राय डिग्री तेल्हुआ नौतन

**मोतिहारी**- एमएस कॉलेज, एलएनडी, एसएनएस, डॉ एसकेएस विमेंस कॉलेज, एसआरएपी बड़ाचकिया, पंडित उगम पांडेय कॉलेज, आशा कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, अशर्फी कुंवर राम रतन राय कोटवा रोड, आदर्श चंपारण डिग्री कोटवा, केसीटीसी कॉलेज रक्सौल व एनजीएम डिग्री महाविद्यालय भेलाही.

# पीजी फोर्थ सेमेस्टर परीक्षा का संशोधित शिड्यूल जारी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में यूजीसी नेट से पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया गया है. परीक्षा नियंत्रक की ओर से मंगलवार को पीजी परीक्षा का संशोधित शिड्यूल जारी कर दिया गया. शेष परीक्षाएं अब 30 जनवरी से शुरू होंगी. वहीं 7 फरवरी तक परीक्षा खत्म होगी. 30 जनवरी से शेष परीक्षाओं का कार्यक्रम तय होने के बाद पीजी के छात्रों ने कुलपति को आवेदन देकर 16 से 20 जनवरी तक परीक्षा कराने का अनुरोध किया है. उनका कहना है कि पीजी का सत्र पहले से ही विलंब हो चुका है. इसके चलते वे पीजी स्तर की परीक्षाओं के लिए आवेदन करने से वंचित हो गये हैं. अब सात फरवरी तक परीक्षा होगी, तो और विलंब होगा. छात्रों का कहना है कि यूजीसी नेट 16 जनवरी को खत्म हो रहा है. ऐसे में उसके ठीक बाद शेष परीक्षाएं करा लेने से 15 दिन का समय बच जायेगा.

**प्रशासनिक भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा होगी स्थापित** : विवि के प्रशासनिक भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित होगी. इसके बाबत कुलपति प्रो डीसी राय ने प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया. वीसी ने प्रशासनिक भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित किए जाने वाली जगह को देखा. वीसी ने इंजीनियरिंग सेक्शन को सरस्वती पूजा से पहले प्रतिमा लगाने के निर्देश दिये. विवि मुख्य द्वार के बाद सीढ़ियों से ऊपर जाने पर बने गोलंबर वाले पिलर पर प्रतिमा स्थापित होनी है.

### यूजीसी नेट शुरू होने से असमंजस में थे छात्र

पीजी सत्र 2022-24 के दो पेपर दिसंबर में हो चुके हैं. विवि के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय भवन को केंद्र बनाया गया है. 7 जनवरी से शेष परीक्षाएं शुरू होनी थी. इसी दौरान यूजीसी नेट शुरू हो रहा है, जिससे पीजी के छात्र असमंजस मे थे. परीक्षा शिड्यूल जारी होने के साथ ही कुछ विषयों की परीक्षा तिथि मे बदलाव की मांग उठने लगी थी. छात्रों ने इसको लेकर परीक्षा नियंत्रक से लेकर कुलपति तक को आवेदन दिया था. बताया कि पुराने कार्यक्रम मे 8 जनवरी को पीजी के हिंदी के पेपर की परीक्षा होनी थी. उसी दिन हिंदी के लिए यूजीसी नेट की परीक्षा होनी है. ऐसे में छात्र-छात्राओं के सामने दुविधा थी कि किसको छोड़ें. दूसरी ओर अन्य विषयों के छात्र भी कार्यक्रम मे बदलाव की मांग कर रहे थे.